प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश के 1154 सेंटरों पर उत्तर प्रदेश आरक्षी भर्ती परीक्षा दूसरे दिन शांतिपूर्ण ढंग से हुई संपन्न : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने लखनऊ में परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
3. भगवान श्रीकृष्ण के पांच हजार 251वें जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल मथुरा में करेंगे तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ।

और

4. अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के परकोटा में लगेंगे ब्रॉन्ज के 90 म्यूरल : प्रथम तल पर रखा जाएगा टाइटेनियम से बना राम दरबार।

———————

उत्तर प्रदेश आरक्षी भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन कड़ी सुरक्षा के बीच 67 जिलों में 11 सौ 54 सेंटरों पर परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए एसटीएफ, यूपी पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। यह परीक्षा कल और

30 तथा 31 अगस्त को भी आयोजित होगी। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन अभ्यर्थियों को सघन चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार स्वयं नजर बनाए हुए हैं। पुलिस महानिदेशक ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय और लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। लखनऊ में परीक्षा के लिए 81 केंद्र बनाए गए हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी डा. सूर्यपाल गंगवार ने आज गोलागंज स्थित क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में निरीक्षण किया। रेलवे स्टेशन, बस अड्डा एवं टैक्सी स्टैंड पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पुलिस, आरएएफ की टीमें तैनात हैं।

लखनऊ पुलिस ने वीडियो बनाकर पेपर लीक की अफवाह फैलाने के मामले में हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज की है। भर्ती परीक्षा के पहले दिन कल पहली पाली के प्रश्नपत्र का परीक्षा से पहले का टाइम लगाकर वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था। परीक्षा के पहले दिन कल दोनों पालियों में तकरीबन 09 लाख 60 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 31 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कई जगहों पर नकलची पकड़े गए। वहीं,

मुजफ्फरनगर में परीक्षा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में भारतीय बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई मौतों पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की है। नेपाल में भारतीय दूतावास प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुआवजे की घोषणा की। इसके अनुसार नेपाल में हुई दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, वहीं घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। नेपाल में हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों और घायलों को भारत लाने के कार्य की निगरानी के लिए युवा कार्य और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंच गई हैं। हादसे में जान गंवाने वालों के शव उत्तर प्रदेश सड़क मार्ग से और महाराष्ट्र हवाई मार्ग से लाए जा रहे हैं। बाकी यात्रियों और परिवार के सदस्यों को विशेष बोगी से महाराष्ट्र पहुंचाया जाएगा। काठमांडू में भारतीय दूतावास के अनुसार, नेपाल में कल नदी में बस गिरने से

27 लोगों की मौत हो गई थी और 16 लोग घायल हुए थे। इस बस में 43 भारतीय सवार थे।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

——————————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी आज प्रयागराज में संविधान सम्मान सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि भारत में आबादी के हिसाब से नीतियां बनाने की आवश्यकता है। ऐसा नहीं होने के कारण जरूरतमंदों को नीतियों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जाति जनगणना की वकालत करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। उन्होंने कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल भी पूछे।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने क लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

भगवान श्रीकृष्ण के 5251वे जन्मोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल मथुरा में तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री 583 करोड़ रुपये की 137 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसमें बरसाना रोप वे, यमुना में क्रूज, वृंदावन में लक्ष्मण शहीद स्मारक

प्रेक्षागृह और मल्टीलेवल पार्किंग सहित अन्य प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह के लिए मथुरा को भव्य लाइटों से सजाया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि जन्मोत्सव पर ठाकुरजी पद्मकांति पुष्प बंगले में विराजमान होंगे। बाइट.....

*भगवान श्रीकृष्ण के 5 हजार 252वें जन्म महोत्सव को बहुत भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जायेगा। श्रद्धालु इस भाव से दर्शन के लिये पधार रहे है। दर्शन के उपरांत उनके भाव की पुष्टि हो इस प्रकार की व्यवस्था पदर्शित करने का प्रयास श्रीकृष्ण जन्म स्थान सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। ऐसे विशिष्ट जन्मोत्सव में भगवान पद्म क्रांति पुष्प बंगले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे और सोन चन्द्र का पोशाक भगवान धारण करेंगे इस वर्ष 25 अगस्त का 5 हजार 251 गैया के घी के दीपक अर्पित किये जायेंगे और वह दीपक भगवान के महोत्सव में और वृद्धि करेंगा।*

——————————

अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर संगमरमर के बने राम दरबार के साथ टाइटेनियम से बने राम दरबार को भी रखा जाएगा। टाइटेनियम का राम दरबार रक्षा मंत्रालय की संस्था मिधानी ने राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की यह संस्था ट्रस्ट को ब्रॉन्ज सप्लाई कर रही है। परकोटा में ब्रॉन्ज के 90 म्यूरल बनाए जायेंगे। बाइट....

*एक संस्था है रक्षा मंत्रालय की मिधानी जिसने की ब्रांज हम लोगों को सप्लाई किया जिसका की म्यूरल परकोटा में लो लगभग 90 म्यूरल बनेंगे, 6*

*फिट और 4 फिट के साइक के तो उन्होंने हम लोगों को एक राम दरबार टाइटेनिम से बना करके एक तरह से संस्था की निष्ठा को जताते हुए दिया जो की ट्रस्ट ने स्वीकार कर लिया और ट्रस्ट के सदस्यों का संकेत यह था कि प्रथम तल पर जहांराम दरबार संगमरमर से बनेगा उसी के साथ इसको भी पूरे सम्मान के साथ रखा जायेगा।*

————————

मेरठ के रजपुरा ब्लॉक के नगली आजमाबाद गांव में दुर्गा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न प्रकार की मूर्तियां बनाकर आत्मनिर्भर बन गई हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी से पहले ये महिलाएं भगवान कृष्ण समेत अन्य भगवानों की मूर्तियां बना रही हैं। भारत सरकार की दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर यह महिलाएं काम कर रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने बताया कि बाइट.....

*रजपुरा ब्लाक में नगली आजमाबाद में दुर्गा एक स्वयं सहायता समूह है, जिसके अन्तर्गत टोटल 10 महिलाएं मूर्ति का कार्य कर रही है। जनमाष्टमी का पर्व आने वाला है तो गाय, बछड़ा और कान्हा जी की मूर्ति तैयार कर रही है। उनहीं के द्वारा हर एक समय पर अलग–अलग मूर्तियां तैयार की जाती है, उनकी मूर्तियां छत्तीसगढ़ में जयपुर में दिल्ली में और बहुत सारे रोड शो में जाकर बिकती है। इसी का परिणाम है कि वो सभी दीदिया आज लखपति दीदिया बन गई है।*

(समाप्त)